https://jac.jharkhand.gov.in

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

## WEB-NOTICE – 09 /2026

ज्ञापांक : JAC/गो०/399/26-Secy/97/2026 दिनांक : 03.02.2026

## वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 से संबंधित अतिमहत्वपूर्ण सूचना

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के पत्रांक 625 दिनांक 03.02.2026 के द्वारा दिनांक 04.02.2026 को शब–ए–बारात के अवसर पर कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया गया है। दिनांक 04.02.2026 को माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 पूर्व से ही निर्धारित है। अन्तिम समय में परीक्षा के कार्यक्रम में कोई बदलाव किए जाने से परीक्षा की गोपनीयता पर असर पड़ने की प्रबल सम्भावना है।

उक्त के आलोक में एतद् द्वारा माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा, 2026 से संबंधित छात्र/छात्राओं, उनके अभिभावकों, संबंधित पदाधिकारियों एवं संबंधित सभी कर्मियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 04.02.2026 को आयोजित परीक्षा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही सम्पादित की जाएगी।

अध्यक्ष के आदेश से,

ह0/–

सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।

ज्ञापांक : JAC/गो०/399/26-Secy/97/2026 / राँची, दिनांक : 03.02.2026

प्रतिलिपि : S.I.O. (वरीय सूचना प्रौद्योगिकी पदाधिकारी), झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित कि उपरोक्त वेब नोटिस को परिषद् के वेबसाइट पर अपलोड करते हुए तद्नुसार आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची।